## न्यायालय

# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी

## गुढामालानी–बाडमेर

**(पीठासीन अधिकारी –केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)**

प्रार्थना पत्र सं.:– 2024/173(79/24) दर्ज तिथिः–06.03.2024

1. मोटाराम पुत्र सोनाराम
2. रेखाराम पुत्र सोनाराम

जाति जाट निवासी हुकमोणी खोथों की ढाणी तहसील नौखडा जिला बाड़मेर

– प्रार्थीगण

**बनाम**

1. जूंजाराम पुत्र सुरताराम
2. अणसीदेवी पत्नी रामाराम
3. जोगाराम पुत्र रामाराम
4. देवराज पुत्र रामाराम
5. पोकराराम पुत्र सुरताराम
6. अनूदेवी पत्नी दानाराम
7. उगराराम पुत्र खेराजराम
8. गंगादेवी पत्नी लाखाराम
9. चुतराराम पुत्र सोनाराम
10. तेजाराम पुत्र सांगाराम
11. तुलसीदेवी पत्नी कलाराम
12. देदाराम पुत्र सोनाराम
13. धाईदेवी पत्नी अचलाराम
14. धीराराम पुत्र सोनाराम
15. नींबाराम पुत्र कोहलाराम
16. प्रदीपकुमार पुत्र सोनाराम
17. पोकराराम पुत्र अमराराम
18. मेघाराम पुत्र खेराजराम
19. सुखाराम पुत्र सोनाराम
20. सिरूदेवी पत्नी धूडाराम
21. हरखूदेवी पत्नी कोहलाराम
22. खेताराम पुत्र पदमाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:18:36 IST
Reason: SelfAttested

23. कानाराम पुत्र फूसाराम
24. भींयाराम पुत्र फूसाराम
25. वालाराम पुत्र फूसाराम
26. उदाराम पुत्र हेमाराम
27. खेताराम पुत्र हेमाराम
28. डालूराम पुत्र हेमाराम
29. ताजाराम पुत्र हेमाराम
30. मानीदेवी पत्नी हेमाराम
31. लालाराम पुत्र हेमाराम
32. रामूराम पुत्र पन्नाराम फौत के कायम मुकाम
    32/1 भेराराम पुत्र रामूराम
    32/2 चंदूदेवी पत्नी रामूराम
33. तिलाराम पुत्र पन्नाराम
34. निकिता पुत्री तिलाराम पत्नी रूपाराम
35. चूनाराम पुत्र रामदानराम
36. जालाराम पुत्र रामदानराम
37. ताजाराम पुत्र मोतीराम
38. तीजों पत्नी रामदानराम
39. दलाराम पुत्र रामदानराम
40. बाबूलाल पुत्र रामदानराम
41. भगाराम पुत्र केसाराम
42. मूली पत्नी केसाराम
43. मोटाराम पुत्र केसाराम
44. सवाईसिंह पुत्र भगाराम

जाति जाट निवासी हुकमाणी खोथों की ढाणी तहसील नौखडा जिला बाड़मेर

.......................असल अप्रार्थीगण

45. तहसीलदार नौखडा

..............तरतीबी अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीगणः– श्री डालूराम चौधरी।
अप्रार्थीगणः– एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128
राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:18:36 IST
Reason: SelfAttested

## –:निर्णयः–

निर्णय तिथिः–10.06.2024

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128 राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 331/18/4.0225 है0, 333/234/6.2808 है0 वाके ग्राम हुकमाणी खोथों की ढाणी तहसील नौखडा जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार नौखडा के यहां प्रार्थना–पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार नौखडा द्वारा दिनांक 31.12.2023 को मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशानदेही कराई गई। परन्तु अप्रार्थीगण पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण मुताबिक पैमाइश रिपोर्ट दिनांक 31.12.2023 के आधार पर आराजी की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्तागण की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 31.12.2023 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः–

> ***111. Decision of disputes as to boundaries.****—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the*

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:18:36 IST
Reason: SelfAttested

*inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*

***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2075—78 वाकै ग्राम हुकमाणी खोथों की ढाणी में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार नौखडा द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम हुकमाणी खोथों की ढाणी के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 31.12.2023 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार नौखडा के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर आराजी खसरा नम्बर 331 / 18, 333 / 234 को मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 331 / 18 / 4.0225 है0, 333 / 234 / 6.2808 है0 वाके ग्राम हुकमाणी खोथों की ढाणी तहसील नौखडा जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों / हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये**

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:18:36 IST
Reason: SelfAttested

**जाने के आदेश तहसीलदार नौखडा को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना–अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार नौखडा को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 10.06.2024 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

न्यायालय सहायक कलक्टर (उपखंड अधिकारी) गुढ़ामालानी
सत्यमेव जयते

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:18:36 IST
Reason: SelfAttested